# यूपी के चार बड़े प्रोजेक्ट मंजूरी के लिए केंद्र भेजेंगे

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की दस नवंबर को 56वीं राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति की बैठक में यूपी की चार परियोजनाएं मंजूरी के लिए रखी जाएंगी। आगरा और कानपुर में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की स्थापना व औद्योगिक उन्नयन तथा लखनऊ और फर्रुखाबाद के औद्योगिक क्षेत्र के उन्नयन की परियोजनाएं इसके लिए चयनित की गई हैं।

शनिवार को एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने एमएसई-सीडीपी योजना के तहत भारत सरकार को भेजी गई परियोजनाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में एक-एक फ्लैटेड फैक्ट्री काम्पलेक्स स्थापित करने के प्रस्ताव को तैयार कराएं। फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स राज्य में एमएसएमई को प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा। उद्योग और उद्यम संवर्धन निदेशालय के स्वामित्व वाली औद्योगिक संपदा में उपलब्ध खाली भूखंडों/भूमि पर फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की स्थापना में प्राथमिकता दी जाए।

## खादी महोत्सव में 1.40 करोड़ का कारोबार हुआ

उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 15 दिवसीय खादी महोत्सव में एक सप्ताह के अंदर ही 1.40 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। 16 अक्तूबर से शुरू यह प्रदर्शनी 30 अक्तूबर तक चलेगी।